03 चरण में उत्तर प्रदेश की 10 लोकसभा सीटों पर होने वाले चुनाव में 100 उम्मीदवार मैदान में हैं। नाम वापसी के अंतिम दिन कुल चार प्रत्याशियों ने अपने नामांकन वापस लिए

एक नजर में

भाजपा को सैफई परिवार से परेशानी : शिवपाल

फर्रुखाबाद : समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह यादव ने कहा कि भाजपा को सैफई परिवार से दिक्कत है, लेकिन परिवार फिर जीतेगा। श्री राममंदिर के मामले पर कहा कि हनुमान सहित सभी देवी-देवता उनके और सभी समाजवादियों के दिल में हैं। सोमवार को गांव कुइयां बूट में सपा प्रत्याशी डा. नवल किशोर शाक्य के चुनाव कार्यालय का शुभारंभ करने पहुंचे थे। जासं

सपा प्रत्याशी बाबू सिंह का कार्यकर्ताओं ने किया विरोध

जौनपुर : जौनपुर ससंदीय क्षेत्र के मुंगराबादशाहपुर में सोमवार को पहली बार पहुंचे आइएनडीआइए गठबंधन के प्रत्याशी बाबू सिंह कुशवाहा का कार्यकर्ताओं ने विरोध किया। समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी कुशवाहा का वाहन रोककर उनके विरोध में नारे लगाए। इस पर मुंगराबादशाहपुर के सपा विधायक पंकज पटेल ने कार्यकर्ताओं के साथ धक्का-मुक्की की। जासं

फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में आजम को राहत नहीं

प्रयागराज : पूर्व कैबिनेट मंत्री मोहम्मद आजम खां, उनकी पत्नी तंजीम फातिमा व बेटे अब्दुल्ला आजम को फर्जी जन्म प्रमाणपत्र मामले में सात-सात साल सजा के खिलाफ दाखिल आपराधिक पुनरीक्षण याचिका पर सोमवार को सुनवाई में भी कोई राहत नहीं मिल सकी। मंगलवार को भी अब इस मामले में सुनवाई होगी। विधि

किताबों के लिए 42 लाख छात्रों को करना होगा इंतजार

लखनऊ : परिषदीय स्कूलों के कक्षा एक व कक्षा दो के 42 लाख विद्यार्थियों को अभी तक निश्शुल्क पाठ्य-पुस्तकें नहीं मिली सकी हैं। एक अप्रैल से नया शैक्षिक सत्र शुरू हो चुका है। अब चुनाव आयोग ने किताबें छापने के लिए हरी झंडी दे दी है। ऐसे में एक महीने का समय किताबों की छपाई में लगेगा। फिर पुस्तकें विद्यालयों में भेज दी जाएंगी। राब्यू

ज्ञानवापी के दो मुकदमों की सुनवाई सात मई को

वाराणसी : ज्ञानवापी में मिले शिवलिंग को आदि विश्वेश्वर बताते हुए पूजा-अर्चना, राग-भोग की मांग को लेकर शैलेंद्र योगीराज की ओर से दाखिल मुकदमे की सुनवाई सोमवार को सिविल जज (सीनियर डिवीजन) हितेश अग्रवाल की अदालत में नहीं हो सकी। अदालत ने अगली सुनवाई के लिए सात मई की तारीख दी है। विसं

कांग्रेस नेता दिग्विजय के दामाद रत्नाकर का निधन

रामनगर (बाराबंकी) : रामनगर की धमेड़ी स्टेट के राजा रहे 60 वर्षीय रत्नाकर सिंह का बीमारी के कारण रविवार रात लखनऊ के गोमती नगर में उनके आवास पर निधन हो गया। रत्नाकर सिंह मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री रहे कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह के दामाद थे। जासं

'वोट के लिए तरसा दें राम-कृष्ण का अस्तित्व नकारने वालों को'

मुख्यमंत्री ने फतेहपुर सीकरी की जनसभा में विपक्ष पर बोला हमला

जासं, आगरा : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस, सपा और बसपा पर तीखा हमला बोलते हुए कहा, राम-कृष्ण के अस्तित्व पर पर प्रश्न खड़े करने वालों को वोट के लिए तरसा दो। उनसे कहो, मौका मिला तो माफिया को गले का हार बनाया। अब माफिया की कब्र पर फातिहा पढ़ रहे हैं। अब वोट तो कमल के निशान पर जाएगा। तुमको पांच वर्ष की छुट्टी दे रहे हैं। भाषण के समय जनता तालियां बजाने के साथ योगी-योगी के नारे लगाती रही।

मुख्यमंत्री फतेहपुर सीकरी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राजकुमार चाहर के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। कहा, ब्रज भूमि की रज में दुनिया कृष्ण-कन्हैया के दर्शन करती है। इससे बड़ा सौभाग्य और क्या होगा कि इस माटी के लाल आरकेएस भदौरिया वायु सेना अध्यक्ष रहने के बाद अब भाजपा के साथ काम करने को तत्पर हैं। अयोध्या और काशी ने अपने लक्ष्य को प्राप्त कर लिया है। अब तो बारी आपकी ही है। इस पर सभा स्थल फिर योगी-योगी और तालियों से गूंज उठा। मुख्यमंत्री ने जनता से सीधा संवाद किया। पूछा, रामनवमी के दिन भगवान श्रीराम का सूर्य तिलक देखा होगा, देखा था न। कांग्रेस, सपा, बसपा हमसे श्रीराम का जन्म अयोध्या में होने का प्रमाण मांगते थे। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का प्रताप है कि इनका झूठ फेल हो गया। मुख्यमंत्री ने भाजपा के सबका साथ-सबका विकास के नारे को दोहराते हुए कहा कि सुरक्षा व सुविधा सबको, लेकिन तुष्टीकरण किसी का नहीं। मुख्यमंत्री ने विकसित और आत्मनिर्भर भारत, हर बेटी को सुरक्षा व स्वावलंबन के साथ आगे बढ़ाने के नाम पर जनता से समर्थन मांगा।

आगरा में जनसभा को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ • जागरण

राष्ट्रवाद हमारा नारा, जातिवाद नहीं : मुख्यमंत्री ने कहा, भाजपा का नारा राष्ट्रवाद का है, जातिवाद नहीं। जाति व परिवार के नाम पर देश को कमजोर कर सामाजिक ताने-बाने को छिन्न-भिन्न करने वालों से सावधान रहें। यह माफिया और अपराधी के साथ हैं। हम अयोध्या में रामलला के दर्शन के साथ अपराधी व माफिया का राम नाम सत्य भी करा रहे हैं।

गर्मी ने बढ़ाई चिंता, मतदान प्रतिशत बढ़ाना चुनौती

राज्य ब्यूरो, जागरण, लखनऊ : उत्तर प्रदेश में प्रथम चरण के लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत वर्ष 2019 के आम चुनाव से करीब पांच प्रतिशत कम रहा। वजह तमाम हो सकती है लेकिन बढ़ती गर्मी को भी इसका बड़ा कारण माना जा रहा है। अगले चरणों में भी मतदान के दौरान मौसम का पारा चढ़ने की आशंका जताई जा रही है, जिसका प्रभाव मतदान पर भी पड़ सकता है। ऐसे में निर्वाचन आयोग के समक्ष मतदान बढ़ाने की बड़ी चुनौती है।

प्रदेश में पहले चरण की आठ सीटों के लिए हुए चुनाव में 61.11 प्रतिशत मतदान हुआ है जो कि वर्ष 2019 के चुनाव में इन सीटों पर औसत मतदान 66.40 प्रतिशत से करीब पांच प्रतिशत से कम है। सभी सीटों पर सुबह वोटिंग में तेजी देखी गई जो कि दोपहर बाद सुस्त पड़ गई। इसकी वजह गर्मी को भी बताया जा है। यहां यह भी बता दें कि पिछले लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश का औसत मतदान 59.21 प्रतिशत रहा था जो कि राष्ट्रीय औसत 67.40 से काफी कम था।

अखिलेश यादव नहीं लड़ेंगे लोकसभा चुनाव

राब्यू, जागरण • लखनऊ : समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव के कन्नौज से चुनाव लड़ने के सारे कयास सोमवार को खत्म हो गए। उन्होंने यहां से अपने भतीजे व बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव के दामाद तेज प्रताप यादव को चुनाव लड़ाने का निर्णय किया है। माना जा रहा है कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर अखिलेश प्रदेश की राजनीति में सक्रिय बने रहना चाहते हैं। राज्य में मुख्य विपक्षी पार्टी होने के नाते वर्तमान में अखिलेश नेता प्रतिपक्ष का दायित्व संभाल रहे हैं।

सपा मुखिया खास रणनीति के तहत चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। वे इस समय नेता प्रतिपक्ष हैं, विधानसभा में भी योगी सरकार को अखिलेश ठीक से घेरते हैं। यदि लोकसभा चुनाव लड़ते और जीत जाते तो उन्हें विधायक पद से इस्तीफा देना पड़ता। फिलहाल अखिलेश नेता प्रतिपक्ष का पद नहीं छोड़ना चाहते हैं। अखिलेश फिलहाल 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर फोकस रखते हुए प्रदेश की राजनीति से दूर नहीं जाना चाहते हैं। 24 वर्ष की राजनीति में यह दूसरा लोकसभा चुनाव है जब अखिलेश लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। इससे पहले वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव के समय अखिलेश यादव प्रदेश के मुख्यमंत्री थे।

मुलायम परिवार के पांचवें सदस्य मैदान में उतरे : मुलायम सिंह यादव परिवार के पांचवें सदस्य के रूप में तेज प्रताप सिंह इस चुनाव में उतर चुके हैं। इससे पहले अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव मैनपुरी, फिरोजाबाद से प्रो. रामगोपाल यादव के बेटे अक्षय यादव, आजमगढ़ से अखिलेश के चचेरे भाई धर्मेंद्र यादव व बदायूं से शिवपाल सिंह यादव के बेटे आदित्य प्रत्याशी घोषित हो चुके हैं।

बलिया से सनातन पांडेय को टिकट : सपा ने बलिया से सनातन पांडेय पर फिर से भरोसा जताते हुए उन्हें टिकट दिया है। वर्ष 2019 में भी वे सपा के टिकट से चुनाव लड़ चुके हैं। सपा 80 में से 62 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। इनमें से 59 सीटों पर सपा अपने प्रत्याशी घोषित कर चुकी है, अब उसे फतेहपुर, कैसरगंज व राबर्ट्सगंज में प्रत्याशी घोषित करना है।

अखिलेश यादव • जागरण आर्काइव

'जनता को डराकर वोट लेना चाहते हैं प्रधानमंत्री'

राब्यू, जागरण • लखनऊ : सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नाम लिए बगैर उन पर निशाना साधा है। कहा, भाजपा के सर्वोच्च पदों पर बैठे लोग चुनावी रैली में अनर्गल बातें कहकर कांग्रेस के लिए जो झूठ फैला रहे हैं, उससे भाजपा का अपना झूठ बाहर आ रहा है। एक तरफ वो दावा कर रहे हैं कि 400 सीट पाकर जीतने वाले हैं, दूसरी तरफ वो विपक्ष के जीतने पर क्या होगा कहकर जनता को डराकर चुनाव में कुछ वोट पाना चाहते हैं। सच तो ये है कि वो अपने मन की बात किसी और के ऊपर डालकर कह रहे हैं।

परिवारवाद-वंशवाद ही अखिलेश का असली घोषणापत्र : भूपेन्द्र सिंह

राब्यू, जागरण • लखनऊ : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा टिकट बांटने में परिवार को प्राथमिकता देने पर करारा हमला करते हुए कहा कि उनका समाजवाद से कोई लेना देना नहीं है। परिवारवाद और वंशवाद ही उनका असली घोषणापत्र है। चौधरी ने कहा कि इसकी झलक अखिलेश यादव की ओर से भतीजे तेज प्रताप यादव को कन्नौज, पत्नी डिंपल यादव को मैनपुरी, भाई धर्मेंद्र यादव को आजमगढ़ और बदायूं में पहले चाचा शिवपाल सिंह यादव और फिर उनके बेटे आदित्य यादव को टिकट देने में साफ देखी जा सकती है।

'कारोबारियों से किए वादे पूरे नहीं कर सके मोदी'

राब्यू, जागरण • लखनऊ : अलीगढ़ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दिए गए भाषण पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने पलटवार किया है। राय ने कहा कि प्रधानमंत्री किसानों की बात करते हैं, पर एमएसपी की गारंटी के सवाल पर मौन साध लेते हैं। आरोप लगाया कि उन्होंने 10 वर्ष पूर्व अलीगढ़ में ताला उद्योग को आगे बढ़ाने का वादा किया था, जो पूरा नहीं किया।

कन्नौज में अब मुलायम सिंह की तीसरी पीढ़ी

अमित कुशवाहा • जागरण

कन्नौज : सपा का गढ़ कही जाने वाली कन्नौज लोकसभा सीट पर अब मुलायम सिंह यादव की तीसरी पीढ़ी आ गई है। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने अपनी कर्मभूमि कन्नौज सीट पर पत्नी डिंपल के बाद अपने चचेरे भाई बड़े पुत्र तेजप्रताप यादव को चुनाव मैदान में उतारा है। सैफई परिवार के व्यक्ति के मैदान में उतरने से सीट पर सियासी लड़ाई दिलचस्प हो गई है। तेज प्रताप सिंह का सामना भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक और बसपा के इमरान बिन जफर से होगा।

कन्नौज सीट से सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव ने वर्ष 1999 में कन्नौज और संभल लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा। चुनाव जीतने के बाद मुलायम सिंह ने कन्नौज से इस्तीफा देकर 2000 में हुए उपचुनाव में बेटे अखिलेश यादव को सांसद बनवाया। वर्ष 2004 और 2009 में भी जीत दर्ज करके अखिलेश यादव ने हैट्रिक लगाई। वर्ष 2012 में अखिलेश के मुख्यमंत्री बनने पर उपचुनाव में पत्नी डिंपल यादव निर्विरोध सांसद बनीं। डिंपल यादव ने 2014 में जीत के बाद वर्ष 2019 में हुए चुनाव में भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक से डिंपल को हार मिली। अब अखिलेश ने भतीजे तेज प्रताप को मैदान में उतारा है।

'भाजपा जीतेगी कहा तो मैदान छोड़ गए अखिलेश'

जासं, उन्नाव : उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कन्नौज सीट से सपा प्रमुख के खुद के बजाय अपने भतीजे तेज प्रताप सिंह को चुनाव में उतारने पर तंज कसा। बोले, कन्नौज में मैंने कहा था कि भाजपा चुनाव जीतेगी, जिसके बाद अखिलेश यादव चुनाव मैदान छोड़कर भाग गए। आइएनडीआइ गठबंधन पर हमला बोलते हुए पाठक ने कहा कि सभी दल घोटालों में डूबे हैं।

काशी के औरंगाबाद हाउस का अब भाजपा से भी जुड़ाव

राब्यू, जागरण • लखनऊ : दशकों तक पूर्वांचल में कांग्रेस की गतिविधियों का केंद्र रहे वाराणसी के औरंगाबाद हाउस का जुड़ाव तृणमूल कांग्रेस के बाद अब भाजपा से भी हो गया है। औरंगाबाद हाउस कांग्रेस के दिग्गज नेता, प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व केंद्रीय मंत्री रहे पंडित कमलापति त्रिपाठी का आवास है, जिसमें अब उनकी तीसरी-चौथी पीढ़ियां रह रही हैं। उनके पौत्र सोमेशपति त्रिपाठी सोमवार को भाजपा में शामिल हो गए। सोमेशपति त्रिपाठी कमलापति त्रिपाठी के तीन पुत्रों में कनिष्ठ मंगलापति त्रिपाठी के पुत्र हैं।

भाजपा की प्रदेश स्तरीय ज्वाइनिंग कमेटी के अध्यक्ष व उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने पार्टी के प्रदेश कार्यालय में उन्हें भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई। सदस्यता ग्रहण करने के बाद 'दैनिक जागरण' से बातचीत में सोमेशपति ने कहा कि उन्होंने भाजपा में शामिल होने का निर्णय अचानक नहीं लिया। राजनीतिक परिवार से ताल्लुक रखने के नाते सियासी गतिविधियों पर उनकी नजर रही है। विगत दस वर्षों के दौरान वह भाजपा की नीतियों, पार्टी नेतृत्व की कार्यशैली और मोदी सरकार के साहसिक निर्णयों को देखते व परखते रहे। इन सभी से प्रभावित होकर आखिरकार उन्होंने भाजपा में शामिल होने का निर्णय किया। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी सोच आज की कांग्रेस से भिन्न है।

सोमवार को उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने पूर्व मुख्यमंत्री कमलापति त्रिपाठी के पौत्र सोमेशपति त्रिपाठी को भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई • जागरण

पूर्व मुख्यमंत्री कमलापति त्रिपाठी के पौत्र सोमेशपति भाजपा में शामिल, पोते राजेशपति व प्रपौत्र ललितेशपति थाम चुके तृणमूल कांग्रेस का दामन

वाराणसी का औरंगाबाद हाउस कभी पूर्वांचल में कांग्रेस का पर्याय माना जाता था। पंडित कमलापति त्रिपाठी न सिर्फ संविधान सभा के सदस्य रहे बल्कि 1971-73 तक प्रदेश के मुख्यमंत्री और बाद में केंद्र सरकार में रेल मंत्री भी रहे। उन्होंने अखिल भारतीय कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष का दायित्व भी निभाया। कमलापति त्रिपाठी के ज्येष्ठ पुत्र लोकपति त्रिपाठी भी कांग्रेस के कद्दावर नेताओं में थे और प्रदेश की कांग्रेस सरकार में स्वास्थ्य तथा अन्य विभागों के मंत्री रहे। लोकपति के पुत्र राजेशपति त्रिपाठी उप्र कांग्रेस कमेटी के महासचिव व कोषाध्यक्ष रहे और विधान परिषद सदस्य भी। राजेशपति के पुत्र ललितेशपति त्रिपाठी प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष व महासचिव रहे और वर्ष 2012 में मीरजापुर की मड़िहान सीट से कांग्रेस के विधायक चुने गए थे। औरंगाबाद हाउस का रिश्ता कांग्रेस से तब टूटा जब ममता बनर्जी से प्रभावित होकर अक्टूबर 2021 में राजेशपति और ललितेशपति त्रिपाठी कांग्रेस का हाथ झटक कर तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए। तृणमूल कांग्रेस ने भदोही से अठारहवीं लोकसभा के चुनाव में ललितेशपति त्रिपाठी को मैदान में उतारा है। समाजवादी पार्टी ने भी भदोही सीट आइएनडीआइए गठबंधन में अपने सहयोगी तृणमूल कांग्रेस के लिए छोड़ी है।

पूर्व मंत्री व सांसद समेत कई नेता भाजपा में शामिल

राब्यू,जागरण • लखनऊ : भाजपा का दूसरे दलों और विभिन्न संगठनों के नेताओं को शामिल कर अपना कुनबा बढ़ाने का अभियान जारी है। इसी अभियान के तहत बसपा सरकार में मंत्री रहे चौधरी सरदार सिंह (मथुरा), आजमगढ़ से कांग्रेस के सांसद रहे संतोष कुमार सिंह, अंबेडकरनगर की गोसाईगंज सीट के सपा विधायक अभय सिंह के पिता भगवान बख्श सिंह और पत्नी सरिता सिंह समेत विभिन्न दलों और संगठनों के 35-35 नेता सोमवार को भाजपा में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री और भाजपा की प्रदेश स्तरीय ज्वाइनिंग कमेटी के अध्यक्ष ब्रजेश पाठक ने पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में उन्हें भाजपा की सदस्यता ग्रहण कराई। सदस्यता ग्रहण करने वालों में नगर पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा (उन्नाव), ब्लाक प्रमुख प्रेम चन्देल (उन्नाव), बसपा से पूर्व एमएलसी शरद श्रीवास्तव (फर्रुखाबाद) आदि शामिल थे।

आसपास

वर-वधू पक्ष में पथराव, थाने में हुआ जयमाल

जागरण संवाददाता, फर्रुखाबाद : ब्यूटी पार्लर का भुगतान न करने पर वर-वधू पक्ष आमने सामने हो गए। जमकर लाठी डंडे व ईंट पत्थर चले। मारपीट के दौरान बरात में आई पांच गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं। मौके पर पहुंची पुलिस दोनों पक्षों को थाने ले आई। वहां समझौते के बाद पुलिस ने थाने में ही वरमाला का कार्यक्रम संपन्न कराया। इसके बाद घर पर शादी की रस्में हुईं।

एटा जिले के थाना बागवाला के गांव नरौरी निवासी रूपलाल के पुत्र विकास का विवाह क्षेत्र के गांव दारापुर निवासी जगदीश की पुत्री मोहिनी के साथ तय हुआ था। रविवार देर रात बरात युवती के गांव पहुंची। द्वारचार कार्यक्रम के बाद वरमाला की तैयारी होने लगी। इसी दौरान वर पक्ष ने ब्यूटी पार्लर के रुपये देने से इन्कार कर दिया। दोनों पक्षों में जमकर लाठी-डंडे व ईंट पत्थर चले। सूचना पर पहुंची पुलिस के सामने भी दोनों पक्षों में मारपीट होती रही। सोमवार दोपहर तक थाने में चली पंचायत के बाद थाने में दोनों पक्षों में समझौता हो गया। पुलिस ने थाने में वरमाला डलवाकर मोहिनी व विकास का विवाह करा दिया, जिसके बाद विवाह की रस्में घर पर पूरी हुईं। थानाध्यक्ष जितेंद्र चौधरी ने बताया दोनों पक्षों को समझाकर विवाह करा दिया गया है।

कानपुर देहात में जयमाल न लाने पर दुल्हन ने शादी से किया इन्कार

जासं, कानपुर देहात : मंगलपुर के चिरखिरी गांव के युवक का तेरा गांव निवासी युवती से विवाह तय हुआ था। रविवार की रात बरात लेकर युवक पहुंचा। द्वारचार के बाद जयमाल के लिए लड़का स्टेज पर पहुंच गया तब पता चला कि जयमाल के लिए माला नहीं लाए। इस पर दुल्हन नाराज हो गई और विवाह से इन्कार कर दिया। लड़की पक्ष ने लड़के को कमरे में बैठा लिया। पुलिस लड़के को थाने ले आई। जहां समझौता के बाद बरात बिना दुल्हन लौट गई।

उन्नाव में तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने दो बाइकों में मारी टक्कर, तीन की मौत

जासं, उन्नाव : तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने दो बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में तीन युवकों की मौत हो गई, जबकि दो गंभीर घायल हो गए। हादसा सोमवार देर रात 10:30 बजे मोहान-मियागंज मार्ग पर अकबरपुर के पास हुआ।

हसनगंज के गांव हसनापुर निवासी हर्षवर्धन, सैरपुर निवासी विमलेश व सचिन अपने दो अन्य साथियों के साथ दो बाइकों से मियागंज गए थे। जहां से लौटते समय अकबरपुर गांव के पास ने दोनों बाइकों में तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने क्कर मार दी। पुलिस ने हर्षवर्धन, विमलेश व सचिन को हसनगंज सीएचसी पहुंचाया, जहां डाक्टर ने हर्षवर्धन और विमलेश को मृत घोषित कर दिया। गंभीर घायल सचिन को ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया। राजकुमार निवासी बुद्धेश्वर लखनऊ को स्थानीय लोग मियागंज सीएचसी लेकर चले गए, जहां उसे भी डाक्टर ने मृत बता दिया।

दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लि0
कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत वितरण मण्डल, भोलेपुर, फतेहगढ़
जनपद फर्रुखाबाद - 209601

ई-निविदा परिवर्तन सूचना

अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति / कार्य कराने हेतु "टर्न की" के आधार पर ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा के सम्बन्ध में विस्तृत नियम व शर्तें निविदा अभिलेखों में उल्लिखित है जो उ0प्र0 शासन के ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://etender.up.nic.in एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम लि0 की वेबसाइट www.dvvnl.org पर उपलब्ध है। क्रम संख्या, निविदा संख्या सामग्री / कार्य का विवरण, निविदा खुलने का दिनांक, निविदा शुल्क, धरोहर धनराशि (रूपये में) क्रमानुसार। **निविदा संख्या, कार्य का विवरण, धरोहर धनराशि, निविदा प्रपत्र शुल्क, खुलने का दिनांक :-** 103/EDC(F)/2023-24 विद्युत नगरीय वितरण खण्ड फर्रुखाबाद के अन्तर्गत 100 केवीए0 से 250 केवीए0 हेतु एवं अतिरिक्त 250 केवीए0 हेतु / उच्च परिवर्तक हेतु प्लिन्थ निर्माण, अर्थिंग का कार्य। धरोहर धनराशि रु0 20000.00 एवं निविदा प्रपत्र शुल्क रु0 3540.00 (जी0एस0टी0 सहित)। खुलने का दिनांक 26.04.2024 104/EDC(F)/2023-24 विद्युत वितरण खण्ड फर्रुखाबाद के अन्तर्गत 33 के0वी0 कमालगंज लाइन में कन्डक्टर बदलने एवं इन्टरपोलिंग का कार्य। धरोहर धनराशि रु0 9000.00 एवं निविदा प्रपत्र शुल्क रु0 1180.00 (जी0एस0टी0 सहित)। खुलने का दिनांक 26.04.2024

पत्र संख्या:- 378/वि0वि0म0(फ0) (अजय कुमार)
दिनांक- 20.04.2024 अधीक्षण अभियन्ता

"सुनहरा भविष्य बनायें, राष्ट्रहित में बिजली बचाएं"

दैनिक जागरण
हमारे सुधी पाठकों की सुविधा के लिये
दैनिक जागरण में क्लासीफाइड विज्ञापन प्रकाशन हेतु निम्न विज्ञापन एजेन्सीज पर सम्पर्क कर सकते है।

लालबंगला - टण्डन एड. एजेन्सी 9415041926, स्टार एड. सर्विस 9648441155
नौबस्ता - पर्सनल एड. 9919761310, शिखर एड. 9415067752, एस.एच.एन. एड. 9670082421
बर्रा - मार्स एड. 8957640104, एडनेशन 9305405001, ब्रिजलक्स एड. 9532656305
गोविन्द नगर - प्रताप पब्लिसिटी 9305576435, किदवई नगर - सेल्स प्रमोशन 8765535102
फजलगंज - सनराज एड. 7007415909, शिवम एड. 9839115435, गर्ग सर्विस 9415133462
शास्त्री नगर - अमन एड. 9839032839, नीते एड. 6386046030,
दर्शनपुरवा - जयस्मृति 9839044382, संतनगर - गौरव एड. 9839169724,
शिवाजी नगर - सतीश दुबे पब्लिसिटी 9336335672, काकादेव - एस. के. एड. 9919194569
सर्वोदय नगर - वैम एडवरटाइजिंग 9839197400, लार्ड एड. 9369319586
पी. रोड - करेण्ट पब्लिसिटी 7007632859, विष्णुपुरी - श्रीराम एड. 7068707465
तिलक नगर - प्रचार गुरू 9935529101, आर्य नगर - जानकी मीडिया 9415130005,
मॉल रोड - टण्डन एड. सर्विसेज 9839037570, बीना एड. 9839038671, डैप्स 8400600802,
कराचीखाना - पब्लिसाइट्स 9415052557, 9415044897 परेड - वी. एन. एड. 9919100343,
सिविल लाइन्स - सैटर्न एड. 9839713420, बारासिया एड - 9198646515,
कल्यानपुर - मिडिया लिंक एड. 9026333951

पूर्वोत्तर रेलवे

ई-टेंडरिंग निविदा सूचना सं. 22/2024

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मण्डल रेल प्रबन्धक (इंजी.), पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाइन (ई-टेंडरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते हैं :

क्र. सं. : 1, कार्य का विवरण : इज्जतनगर डिवीजन के लालकुआं-काशीपुर अनुभाग में गुलरभोज-बाजपुर स्टेशन के मध्य समपार/ काशीपुर के अंतर्गत ब्रिज सं. 46 (7x12.2 मी. पीएससी स्लैब) का पुनर्निर्माण कार्य, अनुमानित लागत: रु. 11,59,83,340.44, बयाना राशि : रु. 7,29,900/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य : शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि : 18 माह।

क्र. सं. : 2, कार्य का विवरण : म.इं./प्रथम/ इज्जतनगर के अधिकार क्षेत्र में प्रमुख पुल मार्गों का सुदृढ़ीकरण करना (स्वीकृत कार्य के अंतर्गत इज्जतनगर मंडल में प्रमुख एवं महत्वपूर्ण पुलों के मार्गों को सुदृढ़ करने का कार्य), अनुमानित लागत : रु. 4,12,16,303.44, बयाना राशि : रु. 3,56,100/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य : शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि : 09 माह।

क्र. सं. : 3, कार्य का विवरण : इज्जतनगर मंडल के लालकुआं-काशीपुर अनुभाग में 32 किमी. में सेस एवं फार्मेशन में सुधार/ चौड़ीकरण का कार्य (स्वीकृत कार्य के अंतर्गत रामपुर-लालकुआं-काशीपुर एवं भोजीपुरा-पीलीभीत-टनकपुर में कुल 171.79 किमी. में सेस एवं फार्मेशन में सुधार/चौड़ीकरण का कार्य) (नोट-मिट्टी निजी भूमि से है), अनुमानित लागत : रु. 3,48,53,483.20, बयाना राशि : रु. 3,24,300/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य : शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि : 09 माह।

क्र. सं. : 4, कार्य का विवरण : समइं/ पीलीभीत के अंतर्गत भोजीपुरा-पीलीभीत-टनकपुर एवं पीलीभीत-शाहजहांपुर अनुभाग में ट्रॉली रिफ्यूज का प्रावधान, अनुमानित लागत : रु. 1,09,34,632.37, बयाना राशि : रु. 2,04,700/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य : शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि : 06 माह।

क्र. सं. : 5, कार्य का विवरण : समइं/पीलीभीत के अधिकार क्षेत्र में बीसलपुर रेलवे स्टेशन पर बीसलपुर एप्रोच रोड का विकास कार्य, अनुमानित लागत : रु. 30,11,143.00, बयाना राशि : रु. 60,200/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य : शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि : 04 माह।

1. ई-निविदा दिनांक 15.05.2024 को 15.00 बजे तक आनलाइन जमा कर सकेंगे।
2. ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

मण्डल रेल प्रबन्धक (इंजी.)
मुजाधि/डब्ल्यू-30 इज्जतनगर

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

सार्वजनिक नोटिस

"तिर्वा ट्रांसमिशन लिमिटेड" जिसका पंजीकृत कार्यालय दूसरी मंजिल, निर्यात भवन, राव तुलाराम मार्ग, वसंत विहार, आर्मी हॉस्पिटल एंड रेफरल के सामने, नई दिल्ली-110057 है, ने बिजली के पारेषण के लिए विद्युत लाइनें या विद्युत संयंत्र लगाने के लिए विद्युत अधिनियम, 2003 कीधारा 164 के तहत सभी शक्तियां प्रदान करने के लिए भारत सरकार को आवेदन करने का इरादा रखता है/आवेदन किया है। बिजली के पारेषण के लिए या टेलीफोन या टेलीग्राफिक संचार के प्रयोजन के लिए विद्युत लाइनें या विद्युत संयंत्र लगाने के लिए कार्यों के उचित समन्वय के लिए आवश्यकहै जो टेलीग्राफ प्राधिकरण के पास भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम, 1885 के तहत टेलीग्राफ लाइनों को रखने के संबंध में है और टेलीग्राफ के प्रयोजन के लिए सरकार द्वारा स्थापित या बनाए रखा जाने वाला या स्थापित या बनाए रखा जाने वाला पोस्ट सर्वेक्षण, निर्माण, स्थापना, निरीक्षण, निर्माण और कमीशनिंग, संचालन, रख रखाव और अन्य कार्यों के बाद सर्वेक्षण, निर्माण, स्थापना, निरीक्षण, निर्माण और अन्य कार्य करेगा।

ट्रांसमिशन योजना का नाम: तिर्वा ट्रांसमिशन लिमिटेड
योजना के अंतर्गत शामिल कार्य:

क्र.सं.	ट्रांसमिशन योजना का दायरा	क्षमता/ किमी
1	टीएचडीसी 2×660 मेगा वाट खुर्जा पावर प्लांट में 400 केवीडी/सी (ट्विनमूस) शामली-अलीगढ़ लाइन के एकस किटका LILO	12 KM (Approx)
2	220kV मैनपुरी (220) का LILO - 220kV तिर्वा सबस्टेशन पर भौती पीजी (400) एस/सीलाइन	12 KM (Approx.)
3	220kV तिर्वा सबस्टेशन पर 132kV दिबियापुर-बिधूना S/C लाइन का LILO	29 KM (Approx.)
4	220/132/33kV उप केन्द्र का निर्माण, तिर्वा (कन्नौज) 2X160 एमवीए आईसीटी +2X63 एमवीए आईसीटी	(i)220केवी 160एमवी एआईसीटी बे- 02 नग (ii) 132केवी 160एमवी एआईसीटी बे- 02 नग (iii) 132केवी 63एमवी एआईसीटी बे- 02 नग (iv) 33kV 63 MVA ICT बे- 02 नग (v) 220kV बे: फीडर बे- 02 नग, बस कपलर बे- 01 नग, ट्रांसफर बस बे- 01 नग (vi) 132 केवीबे: फीडर बे- 02 नग, बस कपलर बे- 01 नग, ट्रांसफर बस बे-0 1 नग (vii) 33 केवी बे: फीडर बे - 10 नग। ट्रांसफर बस कपलर बे - 01 नग

इस योजना के अंतर्गत शामिल ट्रांसमिशन लाइनें निम्नलिखित गांवों, कस्बों और शहरों के बीच से होकर गुजरेंगी:-
परियोजना का नाम: तिर्वा ट्रांसमिशन लिमिटेड

ग्राम सूची

1. टीएचडीसी 2×660 मेगावाट खुर्जा पावर प्लांट में 400 केवीडी/सी (ट्विनमूस) शामली-अलीगढ़ लाइन के एक सर्किट का लिलो

क्र.सं.	जिला	तहसील	गांव
1	बुलन्दशहर	खुर्जा	जटोला, बाघू, गंगावली, खोरौलीभोजगढ़ी, नगलिया उदयभान, रसूलपुर, जहानपुर, साबितगढ़, पिलखनहारी, फरकना गंगागढ़ी.

2. 220kV मैनपुरी (220) का LILO - 220kV तिर्वा सबस्टेशन पर भौती पीजी (400) एस/सीलाइन

क्र.सं.	जिला	तहसील	गांव
1	कन्नौज	तिर्वा	पट्टी, सरहदी, खुर्दपुर, भरतपुर, खामा, मलगवां, तिलसरा, सिंहपुर, खैरनगर, खानपुर, बेहरापुर, कुडिहना, मोहब्बतपुर, सांडा, मथेकपुरा, बंजरहार.

3. 220kV तिर्वा सबस्टेशन पर 132kV दिबियापुर-बिधूना S/C लाइन का LILO

क्र.सं.	जिला	तहसील	गांव
1	कन्नौज	तिर्वा	मुगारा, कुडिहना, तिर्वा
2	औरैया	बिधूना	बड़कापुरवा, पिपरौलिया, पुरवाखगन, हरबंसपुर, पुरवा सोमबंसी, पुरवादलाहार, पुरवाहीरामन, पुरवाभीम, पटना बेला, सुजानपुर, सुजानपुरवा, दौलतपुर, चिरौली, निमहार, करौली, बेला, दहनांग, खानपुर, फतेहपुर, नवादादांदू, बंसई, बरेराहार, मलहुसी, बंदरियापुर, फकीरेपुरवा.

लाइन रूट संरेखण की प्रति अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपलब्ध है। जनसाधारण को इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से दो महीने के भीतर 22.06.2024 से पहले लिखित रूप में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तावित ट्रांसमिशन सिस्टम पर अवलोकन/अभ्यावेदन देने के लिए नोटिस दिया जाता है। अधिक विवरण और स्पष्टीकरण के लिए कृपया संपर्क करें:

दिनांक : 23.04.2024

एम. रघुकुमार (निदेशक)
दूसरी मंजिल, निर्यात भवन, रावतुलाराम मार्ग,
वसंत विहार, आर्मी हॉस्पिटल एवं रेफरल के सामने, नई दिल्ली-110057
ईमेल: info@ttl.in.net, फ़ोन नंबर+91-11-2614077,
फैक्स: +91-11-41052064, Mob: 8790994621 / 9676404605